http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 54

प्रयागराज रविवार 10 नवम्बर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

# 'आकांक्षा हाट 2024' के आयोजन से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा : योगी

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत की। आकांक्षा हाट 2024 उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है, जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बयान के अनुसार योगी ने सभी महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा, "महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा समिति का यह प्रयास सराहनीय है। यह आयोजन न केवल महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगा। आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व–रोजगार और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024' के माध्यम से यह समिति महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल, और शिल्प को प्रदर्शित करने का मौका प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकेंगी। आकांक्षा हाट के माध्यम से जम्मू–कश्मीर समेत देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिससे सांस्कृतिक और आर्थिक आदान–प्रदान का मौका मिलेगा। योगी ने कहा, "हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इससे उत्तर प्रदेश



की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हाट को 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (एक जिला एक उत्पाद) योजना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्व–सहायता समूह 'एक जिला एक उत्पाद' के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनायेगा बल्कि 'एक जिला एक उत्पाद' के तहत उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान दिलायेगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक बदलावों को प्रमुखता से दिखाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को महिला सशक्तीकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता देनी चाहिए।

### नांदेड़ में गरजे पीएम मोदी

# दलित–आदिवासी एकता के कारण समर्थन आधार खो रही कांग्रेस

नांदेड़ (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार–बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा है। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे



मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है। मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग श्भारत का संविधानश शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है। उन्होंने आगे कहा, आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है– भाजपा–महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा–महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)।

## जब तक भाजपा है, अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा : अमित शाह

पलामू, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलामू की रैली में कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाला गठबंधन देश में सबसे अधिक भ्रष्ट है और उसे सत्ता से हटाया ही जाना चाहिए। चुनावी राज्य में प्रचार करने पहुंचे शाह ने कहा कि भ्रष्ट लोगों को उल्टा लटका देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के विरुद्ध है, उसने महाराष्ट्र में उलेमाओं के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मैं यहां से राहुल गांधी को चेतावनी देना चाहता हूं। जब तक भारतीय जनता पार्टी है, इस देश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा। शाह ने



कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण की बात करती है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। हम कभी भी किसी धर्म विशेष को आरक्षण नहीं दे सकते। महाराष्ट्र में उलेमाओं के एक समूह ने कांग्रेस को ज्ञापन दिया कि मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम इसमें आपकी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता से पूछने आया हूं कि अगर मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा तो किसका आरक्षण कम हो जायेगा? पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासियों का आरक्षण कम कर दिया जाएगा। मैं यहां से राहुल गांधी को चेतावनी देना चाहता हूं। राहुल बाबा, आपके मन में जो भी साजिश हो, जब तक भारतीय जनता पार्टी है, इस देश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा। भाजपा नेता ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ से ज्यादा रुपये पकड़े गए।

# दिल्ली सरकार जल्द ही 10,000 बस मार्शलों की बहाली करेगी :

नयी दिल्ली,एजेंसी। मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार सोमवार को 10,000 बस मार्शलों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगी। सुश्री आतिशी ने कहा, "दिल्ली सरकार जल्द ही उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनकी स्थायी नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजेगी।" मुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "अगले चार महीनों तक बस मार्शल और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में योगदान देंगे। प्रदूषण वाले हॉटस्पॉट की निगरानी, खुले में कूड़ा जलाने से रोकने और शिकायतों पर कार्रवाई करने में बस मार्शल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।" उन्होंने कहा, "मार्शलों के लिए सोमवार से कॉल–आउट नोटिस जारी किए जाएंगे और वे विभिन्न डीएम कार्यालयों में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के दो–तीन दिनों के भीतर प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों के लिए तैनाती की जाएगी।" सुश्री आतिशी ने आरोप लगाया,"बस मार्शलों





को चार महीने के लिए फिर से नियुक्त करने का फैसला यह साबित करता है कि भाजपा दिल्ली सरकार के काम में चाहे जितनी भी बाधा डालने की कोशिश करे, दिल्ली की जनता आखिरकार जीतती है और अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार उनके लिए काम करना जारी रखती है। हर रुकी हुई परियोजना को इसी तरह पूरा किया जाएगा।" मुख्यमंत्री ने कहा,"वर्ष 2017–18 में, दिल्ली सरकार ने बसों में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने, डीटीसी बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बस मार्शलों को तैनात किया था।" उन्होंने कहा कि इन बस मार्शलों का प्रभाव स्पष्ट है। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाओं को रोका है,अपहरण के प्रयासों को विफल किया है और बुजुर्गों को सहायता प्रदान की है।हालांकि, भाजपा महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा और कम आय वाले परिवारों के 10,000 युवाओं को मार्शल के रूप में काम मिलने से नाखुश थी। परिणामस्वरूप, भाजपा ने अपने अधिकारियों के माध्यम से अप्रैल 2023 से इन मार्शलों के वेतन को रोकने की साजिश रची।" सुश्री आतिशी ने आरोप लगाया, "दिल्ली के मंत्रियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा वेतन वितरित करने के बार–बार निर्देश दिए जाने के बावजूद, भाजपा ने इसे रोक दिया। अक्टूबर 2023 में, उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इन 10,000 बस मार्शलों और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की नौकरी न रहे। एक साल से अधिक समय से, बस मार्शल और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और दिल्ली सरकार, उसके मंत्री और आम आदमी पार्टी के विधायक उनके साथ खड़े हैं। सड़क पर विरोध प्रदर्शन से लेकर पुलिस की बर्बरता और गिरफ्तारी का सामना करने तक, आम आदमी पार्टी (आप) विधायक और मंत्री मार्शलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई में खड़े रहे हैं।"

## मोदी ने कांग्रेसी योजनाओं पर देश को गुमराह किया : राहुल



नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस की योजनाओं को लेकर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह वाले वादों से मुक्त कर स्वाभिमान से जीने का रास्ता बताएगी। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, "जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस की जनहित योजनाओं को श्फ्री की रेवड़ीश कहकर देश को गुमराह किया। कांग्रेस की गारंटियों पर अपनी पर्ची चिपका कर वे देश में और हर प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और फिर कांग्रेस पर ही वादे पूरे न करने का मनगढ़ंत आरोप लगाते हैं। मोदी जी हमारी चुनौती है, कर्नाटक आइए और घूम–घूम कर देखिए, पड़ताल कीजिए – हमने हर वादा पूरा किया है।" उन्होंने कहा, "कर्नाटक में कांग्रेस की योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों की तकदीर बदल दी है। तेलंगाना और हिमाचल में भी हमने वादे पूरे किए हैं और अब महाराष्ट्र में भी इंडिया समूह अपनी पांच गारंटियों से बड़े बदलाव लाने जा रहा है जिनमें महालक्ष्मी में महिलाओं को हर माह 3,000 रुपए और फ़्री बस सेवा दी जाएगी जाति जनगणना और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को खतना करेंगे।"

## गोपाष्टमी गायों की पूजा को समर्पित

काशी। श्रीकाशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने श्रीआदि शंकराचार्य महासंस्थानम् न्यास द्वारा संचालित गोशाला में गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौ माता का विधि–विधान से पूजन किया। इस अवसर पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि गाय माता की सेवा से परिवार में सुख शांति बनी रहती है, और जीवन में कोई संकट नहीं आता। गाय में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास होता है, और गाय को आध्यात्मिक और दिव्य गुणों का स्वामी भी माना जाता है। गोपाष्टमी गायों की पूजा को समर्पित और उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करने का त्योहार है। आज ब्रज समेत पूरे देश में गोपाष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है, और इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, राजयोग समेत कई शुभ फलदायक योग बन रहे हैं। इन शुभ योग में गाय का पूजन करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। गोपाष्टमी तिथि से ही भगवान श्रीकृष्ण ने गायों को चराना आरंभ किया था। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। गोपाष्टमी के पर्व पर भगवान कृष्ण और गायों की पूजा होती है। इस अवसर पर उपस्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के व्याकरण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रमा कान्त पाण्डेय ने कहा कि गोपाष्टमी पर गाय की पूजा उपासना करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है, और घर में सुख–शान्ति और समृद्धि आती है। इस दिन से भगवान कृष्ण ने गाय को चराना शुरू कर दिया था, इससे पहले वे केवल गाय के बछड़ों को ही चराया करते थे। इस अवसर पर स्वामी बृजभूषणानन्द सरस्वती, श्री आदि शंकराचार्य वेद महासंस्थानम् के बटुक एवम् काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के व्याकरण विभाग के विद्यार्थियों ने भी गो पूजन किया।




## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से टकरायी यात्रियों से भरी बस, पांच की मौत

फिरोजाबाद, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में मथुरा से लखनऊ वापस जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खडे ट्रक में टकरा गई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की रात को थाना नसीरपुर क्षेत्र में खराब खड़े हुए ट्रक में पीछे से जाकर एक प्राइवेट बस टकरा गई। दुर्घटना के साथ ही बस में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एक्सप्रेस वे पर यूपीडा की टीम और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई जिन्होंने घायलों को बस से निकालकर फिरोजाबाद जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर और शिकोहाबाद अस्पताल में पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पांच घायलों को मृत घोषित कर दिया है। बाकी घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। लखनऊ के मोहिनुदीनपुर निवासी संदीप कुमार अपने बेटे का मुंडन संस्कार कराने के लिए निजी बस से रिश्तेदारों के साथ मथुरा गए हुए थे जो शुक्रवार रात में वापस लौट रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना के संबंध में एसपी ग्रामीण अखिलेश कुमार भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रात में लखनऊ एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन 49 पर खराब खड़े हुए ट्रक में एक निजी बस पीछे से जाकर टकराई है। पता चला है कि वस ड्राइवर नशे में था और उसी की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है जवकि खराब खड़े हुए ट्रक के पीछे अवरोधक भी लगे हुए थे। बस चालक ने उनको अनदेखा किया और बस ट्रक से जा टकरायी। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हुई है। घायलों को शिकोहाबाद और जिला अस्पताल फिरोजाबाद में भर्ती कर दिया गया है जिनका उपचार जारी है। सभी लोग लखनऊ क्षेत्र के ही निवासी हैं। मृतकों में लखनऊ काकोरी क्षेत्र के संदीप कुमार (32) विटनो देवी (40) महादेव (45) है इनके अलावा एक महिला और एक पुरुष केद्द शव की पहचान नही हो सकी है।

## झारखंड में तेज़ी से फैल रहा सांप्रदायिकता का ज़हर : राजनाथ सिंह

**● जातिगत आरक्षण के नाम पर गुमराह रही कांग्रेस**

खूंटी, एजेंसी। झारखंड के खूंटी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा आये दिन जातिगत जनगणना कराने की मांग की जाती है। साल 2011 में एक सामाजिक–आर्थिक जाति जनगणना हुआ था जिसमें करीब 46 लाख जातियां, उपजातियां और गोत्र निकल कर आये थे। यह संख्या इतनी विशाल थी कि रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुई। उन्होंने सावाल किया कि यह जाति का पिटारा खोल कर कांग्रेस क्या करना चाहती है और किसका आरक्षण काटना चाहती है। राजनाथ ने कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी से पूछना चाहता हूं कि हजारों लाखों की संख्या में जो जातियां है उनके कल्याण के लिए उनको आरक्षण देने के लिए आपके पास क्या ब्लू प्रिंट है, क्या रोड मैप है? उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी जातिगत आरक्षण के नाम पर गुमराह कर रही है। इनके नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि आप अलग अलग जातियों के लिये आरक्षण के लिए क्या व्यवस्था करेंगे। जब तक ये जवाब न दें तब तक इनको समर्थन नहीं दिया जाना चाहिये। भाजपा नेता ने कहा कि झारखंड में अवैध घुसपैठिए आ गये हैं। हालात इतने ख़राब हैं कि स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगानी पड़ी है। अब यहाँ तीज–त्योहारों में भी पत्थरबाजी की घटनायें होने लगी हैं। झारखंड में सांप्रदायिकता का ज़हर तेज़ी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने नक्सलवाद के ख़िलाफ़ पूरे देश में प्रभावी कारवाई की जिसके परिणामस्वरूप आज झारखंड समेत देश के अधिकांश ज़िलों में से नक्सली हिंसा लगभग समाप्त हो गई है। देश में नक्सलवाद ख़त्म होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2012 के राष्ट्रपति चुनाव में एक आदिवासी, नॉर्थ–ईस्ट से आने वाले पीए संगमा को उम्मीदवार बनाया था, तो 2017 में दलित समाज के रामनाथ कोविंद जी को बनाया। आज आदिवासी समाज की एक बेटी भारत की राष्ट्रपति बन चुकी हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस देश में चुनी हुई।



अमृत कलश टाइम्स
हिन्दी दैनिक



## आर्थिक चक्र कमजोर

अर्थव्यवस्था इस हद तक कैपेक्स पर निर्भर क्यों है? संकट के समय में आर्थिक हालात को संभालने के लिए यह रास्ता उचित माना जाता है। लेकिन सामान्य समय में भी यही तरीका बचा रहे, तो यही माना जाएगा सामान्य आर्थिक चक्र कमजोर हो चुका है।चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में बड़ी गिरावट आई। उसके पहले वाली तिमाही में ये दर 7.8 प्रतिशत थी, जो अप्रैल–जून में 6.7 फीसदी रह गई। इसका कारण बताते हुए भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा– श्यह गिरावट हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप है। चुनाव और सरकारी पूंजी खर्च (कैपेक्स) में कमी आने के कारण जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट अपेक्षित थी।य लेकिन इस पर जोर देने की जरूरत है कि ऐसी अपेक्षा रहना ही आज भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी है। आखिर अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर इस हद तक कैपेक्स पर निर्भर क्यों है? और इस तरह सरकार कब तक आर्थिक वृद्धि की ऊंची दर बनाए रख सकेगी? सरकार जो रकम खर्च कर रही है, वह या तो किसी अन्य मद में कटौती करके या फिर ऋण लेकर जुटाया जाता है। संकट के समय में आर्थिक हालात को संभालने के लिए यह रास्ता उचित माना जाता है। लेकिन सामान्य समय में भी यही तरीका अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना रहे, तो उसका सीधा अर्थ यह समझा जाएगा कि मांग– उपभोग– निजी निवेश– उत्पादन– बिक्री और मुनाफे का चक्र कमजोर हो चुका है।

किसी भी सोच के नजरिए से यह स्वस्थ स्थिति नहीं है। वैसे खुद नागेश्वरन ने ऐसे कई आंकड़ों का जिक्र किया, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोरी जाहिर होती है। मसलन, उन्होंने बताया कि 2023–24 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश गिर कर 26.6 बिलियन डॉलर रह गया, जबकि 2022–23 में यह 42 बिलियन डॉलर से ज्यादा था। उधर कृषि वृद्धि दर गिर कर दो प्रतिशत रह गई, जबकि 2023–24 की पहली तिमाही में यह 3. 7 फीसदी थी। इन आंकड़ों के बावजूद नागेश्वर ने यह दावा दोहराते रहे कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हाल में है और आने वाला समय बेहतर रहेगा। यह मुश्किलों या कमजोरियों पर परदा डालने की अधिकतम कोशिश के वर्तमान सरकार के नजरिए के अनुरूप ही है। मगर इससे समस्याएं हल नहीं हो जातीं। आज इस बात पर गंभीर बहस–मुबाहिशे की जरूरत है कि निजी निवेश का चक्का क्यों रफ्तार नहीं पकड़ रहा है?

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह

शकील अखध्तर

जिसने भी पिछले दो दिन राहुल की यात्रा देखी है उसकी समझ में आ गया है कि राहुल ने हरियाणा में कांग्रेस की हवा को आंधी में बदल दिया। लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह है।ज् यात्रा का महत्व समझकर उन्होंने यह हरियाणा में तीसरी यात्रा निकाल दी। और हरियाणा के मिजाज को पुख्ता कर दिया। जनता जो सोच रही थी कि अब भाजपा को हराना है वह राहुल ने पक्का करवा दिया।

अब बस हरियाणा चुनाव की वोटिंग बची है। जैसी हवा है उसे देखते हुए तो लोगों की निगाह 5 अक्टूबर के मतदान पर नहीं बल्कि सीधे 8 अक्तूबर की काउन्टिंग पर है और इंतजार है कि कांग्रेस को कितनी सीटें मिलती हैं। बीजेपी और उसका मीडिया दोनों मान चुके हैं कि भाजपा नहीं जीत रही। बड़े साफ तौर पर बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि बहुमत नहीं मिलेगा मगर 2019 की तरह जोड़ तोड़ कर सरकार हम ही बनाएंगे। जनता से ज्यादा उन्हें अपने जोड़ तोड़ करने की क्षमता पर भरोसा है। लेकिन इसके बावजूद भी वे कांग्रेस को बहुमत से थोड़ी कम सीटें तो बोल रहे हैं। मतलब भाजपा और गोदी मीडिया मन मार कर भी कांग्रेस को भाजपा से आगे बता रहा है।



लेकिन क्या यही हरियाणा की सही तस्वीर है। नहीं! जिसने भी पिछले दो दिन राहुल की यात्रा देखी है उसकी समझ में आ गया है कि राहुल ने हरियाणा में कांग्रेस की हवा को आंधी में बदल दिया। लोगों में राहुल को लेकर भारी उत्साह है। कांग्रेसियों को यह बात समझना चाहिए। यहां हर कांग्रेसी नेता खुद को खुदा मानता है। और दूसरे कांग्रेसी को कुछ नहीं। उसके इसी मिथ्याभिमान के कारण पहले कांग्रेस ने राजस्थान हारा और इस बार हरियाणा में हारना चाह रही थी।मगर समय रहते राहुल गांधी ने सही स्टैंड ले लिया। और हरियाणा में यात्रा शुरू कर दी। हालांकि कहा तो उन्होंने हंसते हंसते है कि कांग्रेस के शेर कभी कभी आपस में लड़ जाते हैं। और मेरा काम इन्हें फिर से एक करना है। वे भूपेन्द्र हुड्डा और कुमारी सैलजा दोनों के पीछे जाकर खड़े हुए और दोनों के हाथ उपर उठाकर मिलवा दिए। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों में जरा भी शर्म है, कुछ शराफत बची है तो उन्हें समझना चाहिए कि उनकी पार्टी का सबसेबड़ा नेता खुद पीछे होकर उन्हें आगे कर रहा है। क्या मोदी जी कभी ऐसा कर सकते हैं?राहुल ने कहा कि हमारे कुछ नेता भाजपा में चले जाते हैं और वहां तो ऐसा कर नहीं सकते जैसा हमारे यहां करते हैं। हम तो एडजस्ट कर लेते हैं। मगर वहां तो उन्होंने उतरा हुआ चेहरा बना कर बताया कि ऐसे बैठना पड़ता है। यहां तो हंसते हैं मजाक करते हैं। और जो उन्होंने बोला नहीं वह यह कि कांग्रेस की ऐसी तैसी करते हैं।

चुनाव प्रचार के दूसरे कार्यक्रम रोड शो, आमसभा पारंपरिक होते हैं। वैसे ही इसमें भाषण होते हैं। मगर यह पहली बार राहुल ने चुनाव के दौरान जो यात्रा निकाली वह एक बहुत सफल प्रयोग रहा। एक तो हजारों लोग इससे जुड़े दूसरे पूरे दिन जनता के साथ रहने से नेता के दिमाग में भी मौलिक विचार आते हैं। राहुल कोई मोदी जी की तरह टेलिप्राम्पटर पर पढ़कर तो बोलते नहीं हैं। वे तो जो जनता से सीखते हैं उसी को आगे बढ़ाते हैं।हमारे यहां पाखंड बहुत है। यह माना ही नहीं जाता कि जनता से सीखा जा सकता है। नेता तो उसे सिखाने जाता है। मगर दुनिया भर में जनता ही राजनीति की सबसे बड़ी शिक्षक मानी जाती है। गोर्की ने लिखा है माय यूनिवर्सिटिज। मेरे विश्वविध्यालय। उसमें आम जनता को ही विश्वविध्यालय बताया गया है। मैकिस्म गोर्की रूस के महान उपन्यासकार थे। तो हमारे यहां नेता जनता को सिखाता है। अपने मन की बात करता है। राहुल यही कहते हैं कि मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं।

तो खैर यात्रा में राहुल ने बहुत सारी ऐसी बाते कहीं जो आम तौर पर होती नहीं हैं। उन्होंने एक अच्छी मिसाल दी। टीवी ने तो यह सब दिखाया नहीं। अखबारों में भी नहीं है। लोगों को कैसे मालूम चले? हम बताते हैं। राहुल ने कहा एक शर्ट जो अंबानी खरीदता है उस पर वह भी उतना ही टैक्स देता है जितना एक गरीब आदमी अपने बेटे के लिए उसकी शादी के लिए एक एक पैसा इकऋा करके खरीदते हुए देता है। ऐसे ही अपने बच्चे के लिए मिठाई खरीदते हुए गरीब उतना ही देता है जितना अंबानी अपने शौक के लिए खरीदते हुए।ठीक है दोनों बराबर टैक्स देते हैं। मगर फिर अंबानी, अडानी के हजारों करोड़ रुपए के कर्जे क्यों माफ किए जाते हैं। और गरीब का एक पैसे का कर्ज नहीं! उन्हें सरकारी खरीद में एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेल्वे स्टेशन पर छूट छूट। और किसान की फसल एमएसपी पर खरीद भी नहीं।राहुल ने साफ घोषणा की कि जितना पैसा मोदी जी ने अंबानी, अडानी को दिया है वह सब उनसे वापस लेकर मैं किसान मजदूर गरीब को दूंगा।इसी संदर्भ में उन्होंने अंबानी की शादी का मजेदार जिक्र किया। लोगों से पूछा टीवी पर देखी। जनता के कहा हां। राहुल ने कहा कभी किसी किसी किसान मजदूर की शादी टीवी पर देखी। जनता आश्चर्यचकित! चुप ! उसके दिमाग में पहली बार अपने बच्चे और अंबानी के बच्चे के बीच फर्क समझ में आया। वोट तो उसका भी एक है अंबानी का भी एक। मगर अंबानी की शादी कई कई दिन तक टीवी पर चलती है। खाने और डांस चलते हैं। और सबसे बड़ी बात जो राहुल ने पूछी कि मोदी जी वहां दिखे? जनता ने कहा दिखे। और राहुल दिखा? जनता के एक सैंकड में समझ में आ गया कि यह फर्क है।राहुल अब नेता हो गए हैं। उन्होंने जनता को समझा दिया कि राहुल और मोदी में क्या फर्क है। राहुल किसानों के बीच धान की रोपाई करता है। और मोदीजी अंबानी की हजारों करोड़ की शादी में जाते हैं।

यहां यह बता दें कि पिछले दिनों जिन वीडियो की बहुत चर्चा हुई थी राहुल के खेत में धान रोपते हुए उस खेत के किसान संजय ने मंगलवार को उस धान से निकला चावल लाकर राहुल को भेंट किया। राहुल की बोई हुई फसल से निकला अनाज।यह तो खेत की बात थी। मगर अब ऐसा ही राजनीति में होने लगा है। राहुल को यहां केवल फसल बोना ही नहीं थी। बल्कि उससे पहले बंजर हो गए खेत तैयार भी करना थे। 2011– 2012 के बाद से कांग्रेस की जमीन सूखती चली गई। इसे फिर से आबाद करना बहुत बड़ी चुनौति थी। मोदी इसलिए निरद्वंद शासन कर रहे थे।

मगर राहुल ने दो यात्राएं निकालकर कांग्रेस की सुखी जमीन को फिर हरा–भरा कर दिया। और यात्रा का महत्व समझकर उन्होंने यह हरियाणा में तीसरी यात्रा निकाल दी।

दो यात्राओं में तो वे यह कहने से बचते रहे कि यह राजनीतिक यात्राएं हैं। मगर यह तीसरी और बिल्कुल छोटी तो पूरी तरह राजनीतिक यात्रा थी। और छोटी क्या उन दो विशाल यात्राओं के सामने तो बिन्दू भी नहीं। मगर प्रभाव में बहुत आगे। हरियाणा के मिजाज को पुख्ता कर दिया। जनता जो सोच रही थी कि अब भाजपा को हराना है वह राहुल ने पक्का करवा दिया।लेकिन यह चुनाव है कुछ भी हो सकता है। ऐसा कहा जाता है। मगर क्या यह सच है। नहीं। कभी नहीं रहा। ऐसी अनिश्चितता जनता के मिजाज में नहीं होती है। मगर अब एक कारण से आखिरी आखिरी तक संशय बना रहता है। और वह है चुनाव आयोग। अब यह कहा जाने लगा है कि चुनाव जनता वर्सेस चुनाव आयोग के बीच हो रहा है। पता नहीं। लेकिन अगर होने भी लगा है तो चुनाव आयोग को यह समझ लेना चाहिए कि जनता से जीतने की होड़ न करे।

जनता ने बड़े बड़े राज सिंहासन उठा कर फेंक दिए हैं। चुनाव आयोग बहुत छोटी चीज है। जनता जो चाह रही है उसे होने दें। और 8 अक्टूबर को बता दें। इतने स्पष्ट माहौल के बाद जनता इसमें घालमेल बिल्कुल बर्दाश्त नहींकरेगी।

## एनकाउंटर की स्थिति


अनुज और अक्षय के मामले में समान तथ्य यह है कि जब उनका एनकाउंटर हुआ, वे पुलिस हिरासत में थे। इसलिए यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि उन्होंने कैसे पुलिस के लिए इतना खतरा पैदा कर दिया कि एनकाउंटर की स्थिति बन गई?

महाराष्ट्र में बदलापुर बाल यौन शोषण कांड के आरोपी का एनकाउंटर आरंभ से संदिग्ध था और अब यह एक बड़ा विवाद बन गया है। पुलिस ने कहानी यह बताई कि वह आरोपी अक्षय शिंदे को जांच–पड़ताल के सिलसिले में अपने साथ ले जा रही थी, तभी शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी के रिवॉल्वर को छीन लिया और गोली चलाने की कोशिश की। तभी दूसरे पुलिसकर्मियों ने फायरिंग की, जिसमें वह मारा गया।

अब शिंदे के पिता के साथ–साथ पीडिघ्त बच्चियों के परिजनों ने भी हाई कोर्ट की पनाह ली है। उन्होंने कोर्ट से मामले की अपनी निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने की गुजारिश की है। जिस रोज (सोमवार को) ये घटना हुई, उसी दिन उत्तर प्रदेश में जौहरी लूट कांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह भी एनकाउंटर में मारा गया। इसके पहले इस कांड का एक और आरोपी मंगेश यादव भी एनकाउंटर में मारा गया था। तब समाजवादी पार्टी सहित तमाम हलकों से आरोप लगा था कि पुलिस ने जाति देख कर मंगेश को मारा गया, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहजातीय आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

मामला कुछ ज्यादा गरम हुआ था। अब संदेह जताया गया है कि जातिवाद के आरोप को गलत साबित करने के लिए अनुज का भी एनकाउंटर कर दिया गया है। अनुज और अक्षय दोनों के मामले में समान तथ्य यह है कि जब उनका एनकाउंटर हुआ, वे पुलिस हिरासत में थे। इसलिए यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि उन्होंने कैसे पुलिस के लिए इतना खतरा पैदा कर दिया कि एनकाउंटर की स्थिति बन गई?

कभी यह चलन में था कि पुलिस हिरासत की हर मौत के बारे में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को तुरंत रिपोर्ट करना जरूरी था तथा ऐसे मामलों



की अनिवार्य जांच होती थी। लेकिन अब संस्थाएं अपनी धार खो चुकी हैं। उधर आरोप है कि खासकर भाजपा की राज्य सरकारों ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना लिया है। यह न्याय और संविधान की भावना का खुला उल्लंघन है, लेकिन इस दौर में इन भावनाओं का ख्याल कम–से–कम सरकारी स्तर पर शायद ही बचा है।

# शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू-प्रिंट

तोखन साहू

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था दृ हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और शविकसित भारत्य में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।

शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट–से–ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014–2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा–निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ–साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 470 सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुनरू सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक–आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं।

अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं – संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक – वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्र में आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है।

अंबिकापुर की श्महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छताय संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर–द्ढद्ढ और टियर–द्ढद्ढद्ढद्ढ श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू–प्रिंट है। जबकि प्रत्येक समुदाय को अलग–अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, अंबिकापुर मॉडल सामुदायिक भागीदारी द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे–जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर प्रेरणा के लिए अंबिकापुर की ओर देख सकते हैं। उचित समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तीकरण के लिए एक संसाधन के स्वरूप में ढाल सकते हैं, जिससे विभिन्न समुदायों और हमारे पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।

हमारे पास भारत भर में सशक्त महिलाओं के कई उदाहरण हैं, जो स्वच्छता और सफाई संबंधी मिशन के लक्ष्यों को बेहतर तरीके से हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। आज महिलाएं, कचरा प्रबंधन से लेकर सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल करने में सबसे आगे हैं, ये प्रयास उन्हें आवश्यक परिवर्तनकारी कारक के रूप में प्रमाणित करते हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान दिया है, बल्कि सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम के अहम प्रभावों में से एक महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन भी रहा है, विशेष रूप से सफाई से जुड़ी भूमिकाओं में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को कचरा संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफाईकर्मी के रूप में, महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं और अपने समुदायों में अपनी स्थिति को बेहतर बना रही हैं। यह आर्थिक सशक्तीकरण उनके आत्म–सम्मान और मान्यता को प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ट्रेडिशनल जेंडर नॉर्म्स को चुनौती देता है। महिलाएं सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे परिवारों को स्वच्छता के प्रयासों, कचरे को अलग–अलग करने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जो एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

निष्कर्ष के तौर पर, स्क्चरू में महिलाओं को शामिल करने से न केवल स्वच्छता पहलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक–आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, मिशन लगातार विकसित हो रहा है। अब ध्यान स्वच्छता से जुड़े प्रयासों में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढने पर है। टेक्नोलॉजी और डेटा–ड्रिवन अप्रोच का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को सुधारना और लोगों तक अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश के हर कोने में स्वच्छता के लाभों को लोग अनुभव कर सकें। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढियों के संस्कारों में स्वच्छता और सफाई के मूल्यों को पिरोते रहना जारी रखना चाहिए। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा मिशन को दी गई गति को कायम रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। जैसे–जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए हाथ से हाथ मिलाकर चलें। एक बार फिर से स्?वच्?छता को स्?वभाव और संस्?कार से जोडना है। स्वच्छता की यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक श्रमदान के साथ, एक स्वच्छ, स्वस्थ भारत तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है।

# अखिलेश का सरकार पर अराजकता फैलाने, विकास रोकने का आरोप

## सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल बदले की भावना से कार्य किया : अखिलेश यादव

लखनऊ,(आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश में अराजकता फैलाने और कानून–व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश में संविधान और कानून का शासन खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल बदले की भावना से कार्य किया है, जिसके कारण जनता दुःखी और आहत है। भाजपा द्वारा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अन्याय और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की जा रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार द्वेष भावना से निर्दोष लोगों के घरों को गिरा रही है और उनके परिवारों को उजाड़ रही है। सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा सरकार में नैतिकता और मानवीयता का अभाव है। उन्होंने इसे अब तक की सबसे नकारात्मक सरकार बताते हुए कहा कि इस कार्यकाल में विकास कार्यों को बाधित किया गया, लोगों के घर गिराए गए, और प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है।

उन्होंने प्रदेश की कानून–व्यवस्था को पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे व्यापारियों से लेकर आम नागरिक तक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सुल्तानपुर और अम्बेडकरनगर में व्यापारियों के साथ लूट की घटनाओं का उल्लेख करते हुए यादव ने कहा कि प्रदेश में हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में तेजी आई है।यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार समाज को बांटने के असंवैधानिक कार्य में लगी हुई है, जिससे किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी, और मजदूर सभी परेशान हैं। किसानों को डीएपी और अन्य खाद नहीं मिल रही है, और भाजपा नेताओं



द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि डीएपी और पीडीए के बीच अक्षरों की समानता है और दोनों ही भाजपा के पतन का कारण बनेंगे।

उन्होंने जनता से विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए एकजुट होकर मतदान की अपील की, यह कहते हुए कि जनता भाजपा सरकार से मुक्ति पाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**डिंपल यादव ने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया, करहल में सपा की ऐतिहासिक जीत का जताया भरोसा**– समाजवादी पार्टी की मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने भाजपा पर नफरत और भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकारों ने हर वर्ग को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से केंद्र और 8 वर्षों से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेरा है। किसानों की आय दोगुनी करने के वादे के बावजूद उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। किसानों को डीएपी और अन्य खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, और नौजवान रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं।करहल में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) का हक छीना है और अब ये वर्ग भाजपा की नीतियों को भली–भांति समझ चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि करहल में समाजवादी पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी।

भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है, और इसके खिलाफ हर वर्ग एकजुट होकर भाजपा को हराने के लिए संकल्पित है।बदायूं लोकसभा सांसद आदित्य यादव ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए तेज प्रताप यादव को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**समाजवादी पार्टी ने कुन्दरकी उपचुनाव में निष्पक्षता के लिए पुलिस अधिकारियों के निलम्बन और स्थानांतरण की मांग की''**–समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर मुरादाबाद के कुन्दरकी विधानसभा उपचुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों के निलम्बन और स्थानांतरण की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पुलिस थाना मैनाठेर के थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह खुलेआम ड्यूटी के दौरान पुलिस वर्दी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और भाजपा पदाधिकारियों के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। इस संदर्भ में उनके फोटो भी साक्ष्य के रूप में संलग्न किए गए हैं।सपा के ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पुलिस थाना कुन्दरकी के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत और कुन्दरकी पुलिस चौकी के प्रभारी राजनाथ सिंह सपा समर्थकों, विशेष रूप से मुस्लिम मतदाताओं, को मतदान से रोकने के लिए धमकी दे रहे हैं और भय का माहौल बना रहे हैं।समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मी सिविलियन ड्रेस में सपा समर्थक मतदाताओं के बीच घूमकर भय का वातावरण बना रहे हैं और भाजपा के पक्ष में प्रचार करने के लिए प्रतिष्ठित नागरिकों, ग्राम प्रधानों, राशन डीलरों, और ट्रांसपोर्ट मालिकों पर दबाव डाल रहे हैं। पार्टी का कहना है कि इन अधिकारियों की उपस्थिति में कुन्दरकी क्षेत्र में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव असंभव है।ज्ञापन में सपा ने इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए किरनपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने और अन्य अधिकारियों का स्थानांतरण जनपद से बाहर करने की मांग की है, ताकि मतदाताओं में भयमुक्त माहौल बने और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके।

## मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक संजय कुमार राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान साहिद निवासी मोहल्ला चक नगर द्वितीय कस्बा व थाना मंझनपुर को तन्नापर कस्बा मंझनपुर से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चोरी के मोबाइल के साथ वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 प्रमेश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित रचित कुमार पासी निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी हाल पता ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट को गुंगवा के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। **वारण्टी आरोपी गिरफ्तार**–थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अफरोज अहमद निवासी मितुवापुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 मान सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी चन्द्रभान सिंह निवासी भगवतपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया।

## की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो–पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 47 वाहनों का ई–चालान किया गया ।

## संक्षेप

### चोरों को दौरा कर ग्रामीणों ने पकड़ा

मीरजापुर(आरएनएस)। राजगढ़ थाना क्षेत्र के पूरेनिया गांव में रात के अंधेरे में लगभग 10 दिनों से पूरेनिया बस्ती के लोगों ने चोरी कर आतंक मचा रखा था। आए दिन गांव–गांव में तालाबों से मछलियां गायब हो रही थी। लगभग 15 दिनों से एक दर्जन से ज्यादा तालाबों की मछलियां लगभग गायब हो चुकी थी।मछली को तालाबों में करने का नया तरीका रात के अंधेरे में चोरी करो और दिन में बेचकर पैसा कमाते थे।इनका यही धंधा था और पितर पक और नवरात्रि में एक महीना होने के कारण लोग अपनी मछलियों को चारा और रखवाली करते थे रात के समय में 9रू00 बजे से 11रू00 के बीच में यह मछली मारने का काम करते थे। लेकिन आज जाती करीब 9रू30 बजे के आसपास जब पशुपालक की नींद खुली तो आवाज सुनकर अपने तालाब की ओर गया देखा कि लोग तालाब में मछली मार रहे हैं। टार्च की रोशनी और मोबाइल से फोन की सूचना देने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और ग्रामीणों ने दौड़ा कर एक चोर को पकड़ लिया बाकी तीन लोग फरार हो गए। रात में ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस चोरों को अपने साथ थाने ले गई है। सुयॅकेश सिंह पुत्र भगवत सिंह ने राजगढ़ थाने पर आरोपीत चोरों के खिलाफ नामजद तहरी दी है।साथ ही एक लाख की मछली चोरी होने की तहरीर दी है इस संबंध में जब राजगढ़ थाना प्रभारी अमित कुमार से बात हुई तो उन्होंने कहा की तहरीर मिली है। जांच का आकार कार्रवाई की जाएगी।

### चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर (आरएनएस)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार दोपहर हुए हादसे में मृत बाइक चालक के चाचा ने रविवार को अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।मृत बाइक चालक अमृतलाल कोल के चाचा ललई कोल निवासी देवरी शिव मंगल सिंह थाना मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश की तहरीर पर पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार को भतीजा अमृत लाल अपनी पत्नी रन्नो देवी और बेटे अनूप के साथ बाइक से भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र के सोरीमोरी गांव में मनोज सिंह के ईंट भट्ठा पर ईंट बनाने के लिए जा रहा था। डेढ़ बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय पीछे से अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। हादसे में तीनों लोगों की मौत हो गई।ललई कोल की तहरीर पर पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 106,125,281 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### वन विभाग के पत्थरों से बनायी जा रही प्रधानमंत्री सड़क विभाग मौन

सोनभद्र(आरएनएस)। चतरा ब्लॉक के सोढ़ा मुख्य मार्ग से नगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत बैजनाथ तक प्रधानमंत्री रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें ठेकेदार और संबंधित विभाग द्वारा जंगल विभाग की मिली भगत से जंगली पत्थर बोल्डर का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है रोड के किनारे बना रहे सुरक्षा दीवाल में जंगली पत्थर भारी मात्रा में प्रयोग किया जा रहे हैं जिसमें जंगल विभाग की संलिप्तता सिद्ध हो रही है ठेकेदार द्वारा सुरक्षा दिवाल निर्माण में बड़ी मात्रा में भास्सी का प्रयोग किया जा रहा है। जीरो टालरेंस की नीति पर चलने वाली उत्तर प्रदेश की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। ठेकेदार द्वारा प्रधानमंत्री सड़क में घटिया निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जंगली क्षेत्र होने के नाते बड़ी मात्रा में वन विभाग का पत्थर प्रयोग किया जा रहा है इसमें जंगल विभाग की मौन सहमति होने की पूरी संभावना है।योगी सरकार में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री रोड का निर्माण कराया गया इसमें अक्सर देखा गया है कोई भी रोड बरसात नहीं झेल पा रहा है निर्माण कार्य ऐसा बरसात के पानी से रोड ही बह जा रहे हैं जिससे रोड की गुणवत्ता का पता चलता है ।नगवां ब्लाक के मांची से किरहुलिया बैरियर तक लगभग 19 किलोमीटर प्रधानमंत्री रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है इसमें ठेकेदार द्वारा हल्की रोड रोलर से रोड को दबाया जा रहा है और कम मात्रा मैं रोड पर सोलंग को बिछाया जा रहा है जिसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी विभाग में की गई लेकिन अभी तक उसे पर कोई कार्यवाही नहीं की गई धड़ल्ले से कार्य जारी है ऐसे बने रोड एक भी बरसात नहीं खेल पाते हैं या तो रोड बह जाते हैं या फिर रोड के बीच में दरारें आ जाती हैं। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी का इस ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए दोषी लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग किया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत

लालगंज, मीरजापुर (आरएनएस)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुरी–मटियारी मार्ग पर शनिवार को मटियारी गांव के पास बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरने से खजुरी गांव निवासी 38 वर्षीय सुजीत उर्फ पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन घायल को लेकर लालगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को सुबह सुजीत की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुजीत अपने गांव खजुरी से मटियारी जा रहे थे तभी मटियारी गांव के पास उनकी बाइक असंतुलित हो गई और वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद राहगीरों ने इसकी सूचना उनके परिवार को दी। परिवार के लोग घायलावस्था में लालगंज के एक निजी अस्पताल लेकर गए लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी भेज दिया। वहां पहुंचने पर उपचार के दौरान रविवार सुबह डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सुजीत की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि सुजीत के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। उनकी एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि आर्यन 12 वर्ष और आशु 8 वर्ष उनके छोटे बेटे हैं।

### शाखा के सदस्यों ने दी बधाईयां

कुशीनगर। भारत विकास परिषद तथागत शाखा की भारत को जानो सीनियर और जूनियर संपर्क तथा राष्ट्रीय समूह गान के प्रति भागियों ने प्रांत स्तर पर श्री शक्तिलन तारामंडल रोड गोरखपुर में प्रतिभागिता किए है। जिसमें तथागत शाखा कुशीनगर को भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला तथा अगस्त शाखा कुशीनगर से इस जूनियर संभाग में रियल पैराडाइज की टीम प्रथम स्थान प्राप्त करके प्रांत में प्रतिभाग कर रही थी और राष्ट्रीय समूह गान में तथागत शाखा कुशीनगर से जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज के बच्चों ने प्रतिभा गीत गाया गया।

## भूमाफिया को नहीं दिया स्वामित्व, दावा खारिज

सुल्तानपुर(आरएनएस)। किसान सम्मान निधि दिलाने का झांसा देकर अनपढ़ अन्नदाता से कराए गए बैनामे को तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी ने स्वामित्व के लिए वैध प्रपत्र नहीं माना। नामांकन दावा खारिज करते हुए कथित भूमाफिया के कुचक्र की चपेट में आए किसान को साल भर की मशक्कत के बाद न्याय मिला है।मामला सुल्तानपुर जिले के बंधुआ खुर्द थाना क्षेत्र धम्मौर से जुड़ा हुआ है। कथित जालसाज रंजीत कुमार यादव पुत्र चंद्रिका निवासी गांव सरैया थाना धम्मौर ने सुरेश यादव को किसान सम्मान निधि दिलाने का सपना दिखाकर 3 जुलाई 2023 को उनकी जमीन का पहले एग्रीमेंट और फिर बैनामा करा लिया था। किसान सम्मान निधि दिलाने का झांसा देकर अन्नदाता सुरेश यादव निबंधन कार्यालय लाए गए थे। जहां पर चेक से ऑनलाइन भुगतान का हवाला देकर फर्जी गवाह के जरिए बैनामा करा लिया और एवज में कोई धनराशि और चेक नहीं दिया। किसान सुरेश यादव के परिवार को जब इसकी जानकारी हुई तो परिजन तत्कालीन तहसीलदार सदर के पास पहुंचे और न्याय की मांग की। इसी आधार पर उच्चाधिकारियों (राजस्व और पुलिस) ने कथित भूमाफिया से बैनामा करने के प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। नगर कोतवाली में रंजीत कुमार यादव, उनके भाई संदीप कुमार और गवाह जयराम और इश्तियाक समेत राधेश्याम उर्फ राघव यादव के खिलाफ जालसाजी धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस विवेचना में आरोप सही पाए जाने पर चार्जशीट जिला सत्र न्यायालय भेजी गई। तहसीलदार हृदय राम तिवारी ने पूरे मामले को संज्ञान में लेने के बाद चार्जशीट को धोखाधड़ी का आधार माना।

## डीएम ने शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर–दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता रामराज निवासी कटरा इन्द्र कुंवरि ने शिकायत किया कि प्रार्थी की गाटा संख्या 730/0.055 है0 जिसका पुराना नम्बर 397/2 है के सम्बन्ध में एक चक निगरानी अन्तर्गत धारा 48 चकबन्दी अधिनियम विचाराधीन है जिसका मुकदमा इन्द्रभान सिंह बनाम रामराज आदि है जो उपसंचालक चकबन्दी प्रतापगढ़ के न्यायालय में विचाराधीन है किन्तु परिवार के ही इन्द्रभान सिंह गाटा संख्या 730 जो कि विवादित है तथा न्यायालय में विवाद विचाराधीन है के आधार पर प्रार्थी की अन्य गाटा संख्या जिस पर प्रार्थी काबिज दाखिल है पर जोताई बुआई करने से अवैध रूप से हस्तक्षेप करते है तथा बाधा उत्पन्न करते है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओसी (चकबन्दी) तथा एसओ कोतवाली देहात को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान कराकर जमीन पर कब्जा दिलाये और की गयी कार्यवाही से अवगत करायें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें।



## छात्रा को दी धमकी

कसेंदा, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार की सुबह छेड़खानी का विरोध करने पर दबंग ने छात्रा को शरीर पर तेजाब डालने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने मामला शांत कराया। किशोरी ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के तलाश में जुट गई है।

पिपरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि गांव का एक युवक कादिलपुर स्थित स्कूल पढ़ने आते जाते उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़खानी करता था। सोमवार की सुबह वह पढ़ने के लिए साइकिल से स्कूल जा रही थी।इसी दौरान वह युवक छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी के विरोध करने पर उसने शरीर पर तेजाब डालने की धमकी दी। किशोरी ने रोते हुए घर जाकर परिजनों को आपबीती सुनाई।

## प्रदर्षनी का किया गया उद्घाटन

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर विकास भवन परिसर के सामने महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टालों का जिलाधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व डीसी एनआरएलएम अश्वनी सोनकर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने इस दौरान महिला समूह के उत्पादों की विभिन्न प्रदर्शनी मोमबत्ती, जैविक हल्दी, जैविक खाद, धूपबत्ती, हवन सामग्री, लाइट झालर, दीपक, लाई–चूरा, सजावटी सामान का अवलोकन किया और सम्बन्धित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उत्पाद सम्बन्धी जानकारी भी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण अंचल की महिलायें समूह से जुड़कर स्वरोजगार के माध्यम से समृद्धिशाली बन रही है। जनपद स्तर पर महिलाओं को हर प्रकार की सुविधायें दी जा रही है तथा उन्हें स्वरोजगार को बढ़ाने के लिये प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। महिला समूह के उत्पाद बेहत गुणवत्तापूर्ण है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करते हुये कहा है कि दिनांक 28, 29 व 30 अक्टूबर को प्रदर्शनी में पहुँचकर महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को खरीददारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुये अपने जनपद का उत्पाद प्राप्त करें।



## राहतः निःशुल्क रसोई की गमक दूर दूर तक

सुल्तानपुर(आरएनएस)। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की निःशुल्क रसोई ने मेडिकल कालेज और रेलवे स्टेशन पर 435 मरीजो और उनकी देखभाल करने वाले तीमारदारों, यात्रियों और जरूरतमन्दों को शुद्ग पौष्टिक ताजा गरम निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। देर सांय बृहस्पतिवार को सगठन के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में डॉ सूर्यकांत ने अरहर की दाल, सब्जी, रोटी और चावल की खुशियों की थाली जरूरतमन्दों को देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मानवता की मिसाल की चर्चा का विषय बनी राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की निःशुल्क भोजन की रसोई के कार्य से प्रेरित हो कर। संचालन विधि को देखने के लिए आ रहे है सुदूर जिले के लोग। निःस्वार्थ सेवाभाव की प्रासंगिकता ,भोजन वितरण प्रणाली और उसके प्रबंधन को जानकारी को समझने के लिए प्रतापगढ़ जिले से मुफ्ती जमीरुर्रह्मान कासमी के नेतृत्व में चलकर आया उलेमाओं का एक दल।उन्होंने निःशुल्क भोजन के सुचारू रूप से संचालन को बारीकियों जांच परख कर टीम ने अपने जिले में इस प्रकार के नेक पुनीत कार्य को करने के लिए संकल्प लिया।भोजन वितरण में सहयोग करने वाले प्रमुख लोगो मे फार्मेसिस्ट संतोष बरनवाल, सत्य प्रकाश वर्मा,सुहेल सिद्दीकी, फैज उल्लाह अंसारी, डॉक्टर शादाब खान,सरदार गुरुप्रीत सिंह, आदित्य सिंह, शिक्षक राशिद खान, सिकन्दर वर्मा, राज कुंमार यादव, जितेंद्र मौर्य, आदर्श आदि उपस्थित रहे।

## मदरसा के लोगो की उडी नींद

**➤ जाली नोट मामले मे गृह मंत्रालय भी जमाये हुए है नजर, अब तक 11 अभियुक्त जा चुके है सलाखों के पीछे।**

कुशीनगर। राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों मे रहा नकली नोट मामले में रियल स्टेट कम्पनियों व मदरसे की संदिग्ध भूमिका का साक्ष्य जब से जांच एजेंसियों के हाथ लगा है तब से जिले के रियल स्टेट कम्पनियों व मदरसे के लोगो की दिन का चौन और रातो की नींद हराम हो गयी है। यही वजह है कि कानून के घेरे से बचने के लिए कोई राजनीतिक जुगाड़ लगाने मे जुटा है तो कोई अपनी समाज सेवा का किस्सा प्रचारित कर जांच एजेंसियों के रडार से बचाना चाहता है। अब सवाल यह उठता है कि जाली नोट मामले मे जांच की जद में आने के बाद अपनी समाज सेवा का कार्य प्रसारित करने के पीछे का राज क्या है? आम लोगों का मानना है कि इसके पीछे कही जांच एजेंसियों को भ्रमित करने का कोई उद्देश्य तो नही है। अनुमान चाहे जो भी हो जांच के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी।

बता दे कि माह सितम्बर के 23 तारीख को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर कुशीनगर जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने संयुक्त आपरेशन के तहत जनपद में जाली नोट कारोबार के गिरोह के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना रफी अहमद सहित दस लोगो को गिरफ्तार कर तमकुहीराज कस्बे से जाली नोट व हथियारो का जखीरा बरामद किया था। दुसरे दिन जिले की पुलिस ने इस गिरोह के एक और सदस्य को मुठभेड में दबोच लिया। इस तरह इस मामले मे अब 11 अभियुक्त जेल भेजे जा चुके है। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा मे आ गया है। मामला देश के अर्थ व्यवस्था से जुडे होने के कारण एटीएस और एनआईए प्रकरण की जांच शुरू कर दी। यही वजह है कि इस मामले में गृह मंत्रालय भी नजर जमाये हुए है। पुलिसिया जांच पड़ताल में इस बात का खुलासा हुआ कि इस गिरोह ने ज्यादातर नकली नोट जमीन की खरीद–फरोख्त में खपाया गया है। मामले की जांच मे जुटी स्थानीय पुलिस सहित एटीएस व एनआईए की टीमों को जाली नोटों के कारोबारियों द्वारा नकली नोटों के अवैध कारोबार से रियल स्टेट का एक बडा सिंडिकेट तैयार किये जाने का अहम सुराग हाथ लगा है। कहना न होगा कि जांच टीम अपने हाथ लगी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करती है तो कुशीनगर, गोरखपुर सहित तमाम जगहो पर रियल स्टेट के कारोबार कर सडक से हवेली और साइकिल से लग्जरी वाहनों का सैर करने वाले लोगो की मुश्किलें बढ़ सकती है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसियों को इस गिरोह के तार नेपाल और सऊदी अरब से भी जुडे मिले है। इसके अलावा जांच एजेंसी के हाथ तमकुहीराज स्थित मदरसा गौसिया इमदादुल उलूम की संदिग्ध भूमिका का साक्ष्य भी मिला है। इसके पीछे वजह यह है कि नकली नोट मामले मे गिरफ्तार कर जेल भेजे गये गिरोह के रफी अहमद, नौशाद खान और हासिम अंसारी एक मदरसे के प्रबंधकीय कमेटी में शामिल है। सूत्र बताते है कि पिछले काफी दिनो से इस मदरसे में बाहरी लोगों का आवाजाही होता रहता है। रियल स्टेट कारोबार मे जाली नोटों के खपत होने की बात उजागर होने के बाद मीडिया ने कसया स्थित रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर से बातचीत किया। आलमगीर ने कहा कि उन्हे अब तक न तो कोई नोटिस मिला है और न ही किसी ने कोई पूछताछ की है।

## दो बच्चों की मां नगदी– जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में रविवार की सुबह दो बच्चों की मां घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर लापता हो गई। खेत से लौटने पर उन्हें घर में न देख पति के होश उड़ गये। उसने पत्नी की खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह घर में रखे नगदी और जेवरात लेकर पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ कहीं चली गई है। पीड़ित ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस महिला के सुराग में जुट गई है।संदीपन घाट क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता है। उसके अनुसार रविवार की सुबह वह खेत की ओर चला गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ घर से लापता हो गई। खेत से लौटने पर उन्हें घर में न देख उसके होश उड़ गए। उसने पत्नी और बच्चों की काफी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पता चला वह घर में रखे 62 हजार रुपए नगदी और लाखों रुपए के जेवरात लेकर पड़ोसी गांव के अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। पीड़ित में थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस महिला के सुराग में जुट गई है।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सामने उठा शीला और साजिद की कहानी का मुद्दा

**➤ आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने कडी चेतावनी देते हुए विभाग को कार्रवाई करने का दिया निर्देश।**

**➤ महिला पुरुष शिक्षको के बीच अश्लील बातचीत का वायरल आडियो मामले में जांच की कार्रवाई ठंडे बस्ते मे।**

कुशीनगर। बीते अगस्त माह में जनपद के कसया विकास खण्ड क्षेत्र के ग्रामसभा माधोपुर मठिया स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के महिला और पुरुष शिक्षको के बीच हुई अश्लील बातचीत के वायरल आडियो मामले मे निलंबन की कार्रवाई के बाद आगे की कार्रवाई ठंडे बस्ते में पडा है। चर्चा जोरों पर है कि निलंबन के बाद मामले की विस्तृत जांच कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी की दो सदस्यीय टीम आरोपी शिक्षको को बचाने की तरकीब ढूढ रहे है। विभाग की मंशा को देखते मीडिया ने बुधवार को आरोपी दोनो शिक्षको की कारस्तानी बुधवार उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सामने उठाया। आयोग की उपाध्यक्ष ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभाग को कडी चेतावनी के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

काबिले गौर है कि बीते माह एक वाट्सएप ग्रुप में माधोपुर मठिया स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला यादव व इसी गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली के बीच मोबाइल फोन के जरिए अश्लील बातचीत का आडियो वायरल हुआ था जो बाद मे उस ग्रुप से अन्य वाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया मंच पर खूब प्रसारित हुआ, जैसे ही यह आडियो मीडिया के हाथ लगी तो मीडिया ने समाज के निर्माता कहे जाने व गुरु शब्द को कलंकित करने वाले इन शिक्षको के कुकर्मों को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद इन शिक्षको के कारनामे सुनकर न सिर्फ इन दोनो शिक्षको की बल्कि विभाग की भी खूब छिछालेदर हुई। नतीजतन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ, रामजियावन मौर्य ने खंड शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच करायी और दोषी पाये जाने पर शीला यादव व साजिद अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज रीता गुप्ता व खण्ड शिक्षा अधिकारी दुदही प्रभात कुमार राय को संयुक्त रूप से इस प्रकरण की सम्पूर्ण जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। किन्तु अफसोस दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारियों की जांच ठंडे बस्ते मे है।

**आरोपी शिक्षकों को बचाने की गरज जांच ठंडे बस्ते मे**– यहां बताना जरूरी है कि महिला अध्यापिका शीला यादव व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली के बीच विद्यालय मे मोबाइल फोन के जरिए हुई अश्लील बातचीत के 28 आडियो वायरल हुए थे। वायरल आडियो में तमाम आडियो ऐसे है जिसमें दोनो शिक्षको ने अश्लीलता की सारी हदे पार कर दी है जिसे सार्वजनिक स्थल अथवा घर मे बिना ईयरफोन लगाये नही सुना जा सकता है। वायरल आडियो मे ही प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका शीला यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक साजिद अली से मोबाइल फोन पर बोल रही है श्श क्यो बोल नही रहे है। उस बच्ची के पीछे क्यो पडे है, जाकर छू रहे है बार बार, हम देख नही रहे है क्या। अभी फोन काट देंगे तो लगेंगे गुस्सा होने। दुसरे आडियो में शीला यादव को साजिद से यह कहते हुए सुना जा रहा है अभी पिछले साल उस लडकी के (यहां शीला यादव एक छात्रा की नाम लेती है) पीछे पडे हुए थे किसी तरह से छोडे है तो अब इसके पीछे पडे हुए है हर साल किसी न किसी के पीछे पडे रहते है। इसी लिए बच्चे यहां से भाग जाते है। इसी तरह एक आडियो मे महिला शिक्षिका द्वारा यह कहा जा रहा है कि क्यो फोन उठाकर बोल नही रहे है सामने खडे तो है हम देख नही रहे है। फोन उठाकर काहे नही बोल रहे है क्यो चुप है। ऐसे ही पिछले साल किसी तरह से मैटर शांत हुआ। बच्चियों को लेकर, बच्चियों को ए करते है बच्चियों को वो करते है और बात झूठ नही था, किसी तरह से मैटर को छुपाकर हम लोगों मामले को शांत किये फिर कुछ चाह रहे है क्या?




विभिन्न विद्यालय की छात्राओं ने रैम्प पर प्रस्तुति दी।




इमेजिन वार्षिकोत्सव में विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव इमेजिन का रंगारंग समापन







प्रयागराज। शनिवार को सिविल लाइन्स स्थित बाल भारती स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव श्इमेजिन 2024श रंगारंग समापन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबन्धक जफर बख्त तथा सचिव शूबी बख्त के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण के साथ हुई। शूबी बख्त ने कहा कि श्प्रत्येक छात्र पर्यावरण के महत्व को समझे और इसके प्रति जागरुक रहेश। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने नृत्य संगम, माइंड मंथन, पॉवर प्वॉइन्ट पलूजा, पोस्टरोलिक, अर्ज किया है, रोल प्ले, ग्रुप एलीक्यूशन और वाद–विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रतिष्ठित और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजना तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यालयों के अध्यापकों, छात्र छात्राओं और सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## आंवले के वृक्ष का पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रयागराज। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि काशी प्रांत के स्वयंसेवकों द्वारा शनिवार को आंवले के वृक्ष का पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कैलाश आश्रम, झूंसी, प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेको ने स्वस्तिवाचन एवं वैदिक मंत्रों के द्वारा विधि विधान से सामूहिक रूप से आंवले के वृक्ष का पूजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि I काशी प्रांत के प्रांत संयोजक कृष्ण मोहन ने आंवले के औषधीय एवं आध यात्मिक गुणों के बारे में हमलोगों को अवगत कराए, आंवला एक अमृत फल है एवम् आंवले के वृक्ष में समस्त देवी–देवताओं का वास होता है इसलिए इसकी पूजा करने का विशेष महत्व होता है और सन्तान प्राप्ति हेतु महिलाओं के द्वारा विधि विधान से कार्तिक माह में आंवला नवमी के तिथि पर पूजन करती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार आंवला प्रकृति का दिया हुआ ऐसा वरदान है कि जिसका सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। उसी दिन आंवले के साथ साथ तुलसी के पौधों का भी वितरण हुआ तथा इसी क्रम में कैलास आश्रम के महंत स्वामी कृष्णा नन्द जी महाराज ने आंवला, तुलसी एवम् बांस के पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। पर्यावरण विभाग संयोजक डॉ अमित पाण्डेय के द्वारा प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया और हरित महाकुंभ 2025 में आयोजित मेले को पालीथीन मुक्त रखने का संकल्प कराया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ तिवारी पूर्व उपाध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद ने किया, आशुतोष कुमार त्रिपाठी,( विभाग पेड़ आयाम संयोजक), देवी दत्त त्रिपाठी (भाग पर्यावरण संयोजक) अनिल कुमार मिश्रा( भाग पेड़ आयाम संयोजक) , राजीव सिंह,( भाग सह पेड़ आयाम संयोजक), ने तुलसी पौध वितरण किया एवं उसके महत्व के बारे में बताया।


# त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधाजनक आवागमन के उद्देश्य से अन्य क्षेत्रीय रेलवे के सहयोग से निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों में वृद्धि के साथ ही गाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

उत्तर मध्य रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06563 | सर एम. विश्वे. बेंगलूरू | 21:15 | बरौनी | 20:00 | मंगलवार | 12 एवं 19.11.2024 |
| 06564 | बरौनी | 17:00 | सर एम. विश्वे. बेंगलूरू | 18:00 | शुक्रवार | 15 एवं 22.11.2024 |
| 06229 | यशवंतपुर | 07:30 | मुज़फ़्फ़रपुर | 09:45 | बुधवार | 13.11.2024 |
| 06230 | मुज़फ़्फ़रपुर | 10:45 | यशवंतपुर | 10:50 | शनिवार | 16.11.2024 |
| 06271 | यशवंतपुर | 07:30 | दानापुर | 06:00 | गुरूवार | 14 एवं 21.11.2024 |
| 06272 | दानापुर | 08:00 | यशवंतपुर | 10:30 | रविवार | 17 एवं 24.11.2024 |
| 03639 | गया | 18:50 | आनन्द विहार(ट.) | 10:00 | सोमवार | 11.11.2024 |
| 03640 | आनन्द विहार(ट.) | 12:00 | गया | 03:45 | रवि, मंगल | 10 एवं 12.11.2024 |
| 03227 | आरा | 15:45 | आनन्द विहार(ट.) | 07:15 | सोमवार | 11.11.2024 |
| 03228 | आनन्द विहार(ट.) | 09:30 | आरा | 04:00 | रवि, मंगल | 10 एवं 12.11.2024 |
| 05561 | समस्तीपुर | 23:00 | लोकमान्य तिलक(ट.) | 07:30 | रविवार | 10.11.2024 |
| 05562 | लोकमान्य तिलक(ट.) | 10:00 | समस्तीपुर | 18:50 | मंगलवार | 12.11.2024 |
| 03317 | दानापुर | 08:15 | आनन्द विहार(ट.) | 02:00 | सोमवार | 11.11.2024 |
| 03318 | आनन्द विहार(ट.) | 04:00 | दानापुर | 21:45 | रवि, मंगल | 10 एवं 12.11.2024 |
| 01661 | रानी कमलापति (भोपाल) | 14:25 | दानापुर | 08:45 | शनि, मंगल | 12, 16 एवं 19.11.2024 |
| 01662 | दानापुर | 11:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 07:40 | रवि, बुध | 10,13,17 एवं 20.11.24 |
| 09803 | कोटा | 21:25 | दानापुर | 20:00 | रवि, गुरू | 10 एवं 14.11.2024 |
| 09804 | दानापुर | 21:30 | कोटा | 22:25 | सोम, शुक्र | 11 एवं 15.11.2024 |

ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR  North central railways  www.ncr.indianrailways.gov.in  1956/24(A)



## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 74-डब्लू-सीएसपी-24-25-07 दिनांक : 07.11.2024

**खुली ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/कंक्रीट स्लीपर प्लान्ट, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा, खुलने की निर्धारित तिथि को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

**क्र.सं.: 1** **निविदा नं.:** 74-डब्लू-सीएसपी-24-25-07, **कार्यों का विवरण:** कंक्रीट स्लीपर प्लांट सूबेदारगंज, प्रयागराज को मोटी गिट्टी 20 मिमी नाममात्र आकार के ग्रेनाइट पत्थर की आपूर्ति।

**अनुमानित मूल्य (रू.):** 34.77 लाख, **बयाने की रकम (रू.):** 69600.00

**कार्य समापन की अवधि:** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.12.2024, **नोट:-** 1. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया जायेगा एवं खुलने की तिथि को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. सलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। निविदाकर्ता को एनेक्जर-'V' के रूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। 5. विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किये गये निविदा प्रपत्रों को देखें। 6. बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेटवे ई-भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 7. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 8. ऑन लाइन निविदा खुलने की तिथि को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है तथा उसी दिन 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। 9. माल और/ या सेवाओं के आपूर्ति कर्ता समय-समय पर लागू, जी.एस.टी. अधिनियम और नियमों के अधीन होगें। 10. रेलवे के पास किसी भी टेण्डर को बिना कोई कारण बताए, संशोधित/ स्थगित, निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

1953/24 (ADM)

North central railways  www.ncr.indianrailways.gov.in  @northcentralrailway  @CPRONCR



सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amriktkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062